कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-28.09.2024

विषयः- पॉक्सो एक्ट के मुकदमे में वांछित अभियुक्त रामबाबू थाना सारनाथ पुलिस द्वारा गिरफ्तार।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व मे थाना सारनाथ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 0447/2024 धारा 351(3) बी0एन0एस0 व ¾(2) व 18 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित नामजद वांछित अभियुक्त रामबाबू पुत्र स्व0 राजू उर्फ राजकुमार निवासी दनियालपुर थाना सारनाथ वाराणसी को आज दिनांक-28.09.2024 को समय करीब 12.30 बजे पुरानापुल थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी सम्बन्ध में थाना सारनाथ पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक-27.09.2024 को वादी मुकदमा/पीड़ित के पिता ने प्रतिवादी रामबाबू द्वारा दिनांक-20.09.24 को रात्रि करीब 8 बजे वादी के नाबालिग पुत्र उम्र करीब 4 वर्ष को सूनसान जगह ले जा कर उसके साथ अप्राकृतिक कार्य करने की कोशिश करने व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना सारनाथ मे मु0अ0सं0-0447/2024 धारा 351(3) BNS व ¾(2) व 18 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया, जिसकी विवेचना उ0नि0 जमुना प्रसाद द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

रामबाबू पुत्र स्व0 राजू उर्फ राजकुमार निवासी दनियालपुर थाना सारनाथ वाराणसी, उम्र करीब 22 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- पुरानापुल थाना सारनाथ कमि0 वाराणसी से,दिनांक-28.09.2024 को समय करीब 12.30 बजे।

आपराधिक इतिहास-

1-मु0अ0सं0 0447/2024 धारा 351(3) बी0एन0एस0 व ¾(2) व 18 पॉक्सो एक्ट थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1-उ0नि0 जमुना प्रसाद थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

2-का0 जयविन्द थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

3-का0 कृष्ण मुरारी यादव थाना सारनाथ कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।